<u>आदर्श प्रश्न–पत्र</u>

<u>2020</u>

विषय : भूगोल

कक्षा–12

समय : 03 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 70**

नोटः–प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित हैं।

निर्देशः–i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) प्रश्न संख्या 01 से 8 तक **बहुविकल्पीय;** प्रश्न संख्या 9 से 16 तक **अति लघुउत्तरीय;** प्रश्न 17 से 24 तक **लघु उत्तरीय;** प्रश्न 25 एवं 26 **विस्तृत उत्तरीय** तथा प्रश्न 27 एवं 28 मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न हैं।

(बहु–विकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये–

1. निम्नलिखित में से कौन सा एक भौगोलिक सूचना का स्रोत नहीं है? 01

   (i) यात्रियों के विवरण

   (ii) प्राचीन मानचित्र

   (iii) चन्द्रमा से चट्टानी पदार्थों के नमूने

   (iv) प्राचीन महाकाव्य

2. मानव विकास की अवधारणा निम्नलिखित में से किस विद्वान की देन है? 01

   (i) प्रो0 अमर्त्य सेन (ii) डा0 महबूब उल हक

   (iii) एलन सी सेम्पुल (v) रैटजेल

3. वृहद् ट्रंक मार्ग गुजरता है? 01

(i) भूमध्य सागर–हिन्दी महासागर से होकर

(ii) उत्तर अटलांटिक महासागर से होकर

(iii) दक्षिण अटलांटिक महासागर से होकर

(iv) उत्तर प्रशान्त महासागर से होकर

4. निम्न में से बस्तियों का कौन सा प्रतिरूप सडक, नदी या नहर के किनारे होता है? 01

(i) वृत्ताकार (ii) चौक पट्टी

(iii) रेखीय (iv) वर्गाकार

5. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में नगरीय जनसंख्या का अनुपात सर्वाधिक है? 01

(i) तमिलनाडु (ii) महाराष्ट्र

(iii) केरल (iv) गोवा

6. निम्नलिखित में से कौन सा नगर नदी तट पर अवस्थित नहीं है? 01

(i) आगरा (ii) भोपाल

(iii) पटना (iv) कोलकता

7. निम्नलिखितमें से किस वर्ष में पहला रेडियो कार्यक्रम प्रसारित हुआ था? 01

(i) 1911 (ii) 1936

(iii) 1927 (iv) 1923

8. ध्वनि प्रदूषण का महत्वपूर्ण कारक हैं– 01

(i) कोयला (ii) नगरीय वाही जल

(iii) वायुयान (iv) पेट्रोल व डीजल का दहन

अति लघुउत्तरीय प्रश्न

9. भूगोल की दो मुख्य शाखाओं का नाम लिखिये? 01

10. स्थानान्तरशील कृषि का दूसरा नाम क्या है? 01

11. 'डंप करने' का क्या तात्पर्य है? 01

12. नगरीय बस्तियों की एक समस्या लिखिये? 01

13. भारत में किस राज्य की साक्षरता दर सबसे कम है? 01

14. भारत के किन्हीं दो प्रसिद्ध प्रशासनिक नगरों के नाम लिखिए? ½+½

15. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार क्या है? 01

16. भारत की एक सर्वाधिक प्रदूषित नदी का नाम लिखिए? 01

लघु उत्तरीय प्रश्न

17. भूगोलवेत्ता ग्रिफिथ टेलर की नई संकल्पना क्या है? 04

18. सब्जी उद्यान इत्यादि कृषि नगरीय क्षेत्रों के समीप ही क्यों की जाती है? 04

19. विश्व व्यापार संगठनके आधारभूत कार्य कौन से है? 04

20. बस्तियों के वर्गीकरण के क्या आधार हैं? 04

21. ग्रामीण इलाकों से नगरीय इलाकों की ओर पुरूष प्रवाह के दो प्रमुख कारण लिखिए? 02+02

22. स्मार्ट सिटी मिशन क्या है? 04

23. आयात एवं निर्यात में क्या अन्तर है? 04

24. भारत में नगरीय अपशिष्ट निपटान से जुड़ी प्रमुख समस्याएँ लिखिए? 04

(विस्तृत–उत्तरीय प्रश्न)

25. जनसंख्या के ग्रामीण–नगरीय संगठन का वर्णन कीजिए? 06

अथवा

जनसंख्या परिवर्तन के घटकों का वर्णन कीजिए? 06

26. जल–संभर प्रबन्धन क्या है? यह किस प्रकार सतत् पोषणीय विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है? 06

अथवा

आप उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण से क्या समझते हैं? यह भारत के औद्योगिक विकास में किस प्रकार सहायक है? 06

मानचित्र कार्य

27. भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नांकित को उपयुक्त चिन्हों द्वारा दर्शाइये और उनके नाम भी लिखिए–

(i) सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य ½+½

(ii) अधिकतम साक्षरता वाला राज्य ½+½

(iii) भारत के महत्वपूर्ण सूत्री वस्त्र उद्योग का एक केन्द्र ½+½

(iv) मध्य प्रदेश में प्रमुख ताँबा का एक केन्द्र क्षेत्र ½+½

(v) गुजरात का प्रमुख पत्तन ½+½

केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिये प्रश्न संख्या–27 के स्थान पर–

(i) भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य 01

(ii)भारत के सबसे अधिक साक्षरता वाले राज्य का नाम लिखिये? 01

(iii) महाराष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण सूती वस्त्र उद्योग का नाम लिखिए? 01

(iv) मध्य प्रदेश के एक ताँबा क्षेत्र का नाम लिखिए? 01

(v) गुजरात के एक पत्तन का नाम लिखिए? 01

28. संसार के दिये गये रेखा–मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों के द्वारा दर्शाइये और उनके नाम लिखिये–

(i) एशिया में सबसे कम जनसंख्या वाला देश। ½+½

(ii) डेरी कृषि के सबसे बड़े किसी एक क्षेत्र का नाम। ½+½

(iii) आस्ट्रेलिया का एक प्रमुख वायु पत्तन ½+½

(iv) इंग्लैण्ड का सबसे महत्वपूर्ण पत्तन ½+½

(v) जापान का सबसे बड़ा नगर। ½+½

केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिए प्रश्न संख्या–28 के स्थान पर –

(i) दक्षिण अमेरिका में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश। 01

(ii) ग्रेट ब्रिटेन के एक प्रमुख लौह इस्पात केन्द्र का नाम लिखिये?01

(iii) आस्ट्रेलिया का एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिये?01

(iv) इंग्लैण्ड के एक समुद्री पत्तन का नाम लिखिये? 01

(v) जापान के एक मेगा नगर का नाम लिखिये? 01

*****